राष्ट्रीय सहारा

राष्ट्रीयता ■ कर्तव्य ■ समर्पण

■ नई दिल्ली ■ लखनऊ ■ गोरखपुर ■ पटना ■ कानपुर ■ देहरादून ■ वाराणसी से प्रकाशित

नई दिल्ली

बुधवार ● 14 मार्च ● 2018

16+4 (आधी दुनिया) पृष्ठ, मूल्य ₹ 3.50

सीबीएसई परीक्षा : 12वीं की केमिस्ट्री में पॉलीथिन के दुष्प्रभाव पर सवाल

नई दिल्ली (एसएनबी)। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के बारहवीं के साइंस स्ट्रीम के परीक्षार्थी मंगलवार को केमिस्ट्री की परीक्षा से रू-ब-रू हुए। परीक्षा में इस बार मूल्य आधारित प्रश्न में पॉलीथिन पर सवाल किया गया। परीक्षार्थियों व सब्जेक्ट एक्सपर्ट ने बताया कि परीक्षा में कुछ प्रश्न ट्रिकी और लैंदी थे। पीतमपुरा स्थित एमएम पब्लिक स्कूल की केमिस्ट्री की शिक्षिका किरण सिंह ने बताया कि पेपर पूरी तरह से एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक पर आधारित था। जिन विद्यार्थियों ने महनता से अपनी पाठ्यपुस्तक पढ़ी, उनके लिए यह पेपर काफी अच्छा था, जबकि बाकी के लिए थोड़ा मुश्किल था। पेपर में करीब 25 फीसद हिस्सा मुश्किल था, हालांकि पेपर में औसत स्तर के परीक्षार्थी उत्तीर्ण हो जाएंगे। परीक्षा कुल 70 अंकों की थी। पेपर में गणित वाले प्रश्न थोड़े लैंदी थे। पेपर में शत फीसद अंक लाना मुश्किल है।